# यूपी एआई हब राज्य के तौर पर विकसित होगा

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। माइक्रोसॉफ्ट उत्तर प्रदेश में कृषि, डाटा प्रबंधन समेत कई क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम करेगी।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। कंपनी के प्रबंध निदेशक-कृषि एवं खाद्य रणवीर चंद्रा ने राज्य में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब में निवेश और विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट ने जनरेशनल एआई के उपयोग से कृषि के क्षेत्र में बदलाव लाने के सुझाव दिए। साथ ही कार्बन और ग्रीन क्रेडिट्स के लिए ओपन मार्केट स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। माइक्रोसॉफ्ट ने राज्य में कार्यदक्षता को बढ़ाने के लिए डाटा प्रबंधन के क्षेत्र में माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन के जरिए क्षमता विकास किए जाने पर भी चर्चा की। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया था। इस दौरान टाटा ग्रुप के साथ प्रदेश में निवेश के लिए एमओयू साइन किया गया। साथ ही कई मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ निवेश पर भी चर्चा हुई। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक शुक्रवार को खत्म हो गई।

## नोएडा एयरपोर्ट की पार्टनर होगी अकासा

लखनऊ/नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने अकासा एयर को अपना एयरलाइन पार्टनर बनाया है। नोएडा में शुक्रवार को दोनों के बीच हुए रणनीतिक करार हुआ। इसके बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को पूरा करने हेतु अकासा एयर, नोएडा से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान तैनात करेगी।